# कार्यालय प्राचार्य, पं.ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना, जिला–कोरिया (छ0ग0)

E-Mail-naveencollege.patna@gmail.com: Website-www.govtcollegepatna.ac.in/ Ph.No. 07836-265310

क्र0 / 8 / छात्रवृत्ति / 2021–22 पटना, दिनांक 01.11..2021

## सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र–छात्राओं (**ST, SC ,OBC,**) को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2021–22 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन दिनांक 01. 11.2021 से 30.11.2021 तक ऑनलाईन आवेदन भरकर कार्यालय में जमा कर सकते है।

**आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करें–**

1. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट।(आवेदन पत्र में फोटो भी स्टेपल करें।)
2. संस्था में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र जो संस्था प्रमुख द्वारा सत्यापित हो।
3. 10वी,12वी,एवं पिछले वर्ष के अंकसूची की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
4. आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो। (परिवार की वार्षिक आय ST,SC 2,50,000 / OBC 1,00000 / से अधिक नहीं होनी चाहिए)।
5. जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
6. महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र की छायाप्रति।
7. वर्तमान कक्षा के प्रवेश फीस रसीद की छायाप्रति।
8. विद्यार्थी के राष्ट्रीयकृत बैंक खाता पासबुक के प्रथम पेज की छायाप्रति।( जो आधार कार्ड से लिंक हो।)
9. आधार कार्ड की छायाप्रति।

ऑनलाईन आवेदन करने हेतु बेबसाईट– www.postmatric-scholarship.cg.nic.in/

प्राचार्य
PRINCIPAL
Pt. Jwala Prasad Upadhyay
Government College, Patna
District-Korea (C.G.)

Scanned with CamScanner

**कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558
Email Id - pmscstobc@gmail.com

क्रमांक/ऑ.ला.पो.मै.छा./123/2021–22/5154 नवा रायपुर, दिनांक 29/10/2021

**: सूचना प्रकाशन :**

वर्ष 2021–22 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वी से उच्चतर) हेतु विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एव आई टी आई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2021–22 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही** **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन किया जाना है।

जिसके अंतर्गत संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2021–22 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/ नवीनीकरण) | दिनांक 01.11.2021 से दिनाक 30.11.2021 |
| 2 | Draft Proposal Lock करने हेतु | दिनांक 01.11.2021 से 10.12.2021 तक |
| 3 | Sanction Order Lock करने हेतु | दिनांक 01.11.2021 से 20.12.2021 तक |
| 4 | Disburse शासकीय/अशासकीय | दिनांक 25.12.2021 तक |

निर्धारित तिथियो के पश्चात् शिक्षा सत्र 2021–22 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं Draft Proposal Lock , Sanction Order Lock अथवा Disburse करने का अवसर भी प्रदान नही किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

Scanned with CamScanner

अति महत्वपूर्ण

# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला–कोरिया, छ0ग0

(E-mail: actd.koriya@nic.in, Ph./Fax No. 07836-232859)

क्र0/1586/ऑ.ला.पो.मै.छा./ 2021–22 बैकुण्ठपुर, दिनांक– 30/10/2021

प्रति,

1. प्राचार्य, शासकीय कृषि महाविद्यालय कोरिया, बैकुण्ठपुर
2. प्राचार्य, डाईट कोरिया,
3. सर्व प्राचार्य, शा0/अशा0 महाविद्यालय.................................... जिला–कोरिया
4. प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कोरिया, बैकुण्ठपुर
5. सर्व प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई. .................................... जिला–कोरिया
6. सर्व प्राचार्य, अशासकीय बी.एड. कॉलेज .................................... जिला–कोरिया
7. सर्व प्राचार्य, अशासकीय नर्सिंग कॉलेज .................................... जिला–कोरिया

विषयः– **अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण हेतु नवीन पोर्टल पर संस्थाओं के द्वारा संचालित पाठयक्रमों को जोडने के सम्बन्ध में।**

संदर्भः– आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन, नया रायपुर के निर्देशानुसार दिनांक–30.10.2021

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्ष 2021–22 से अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही एन.आई.सी. रायपुर द्वारा तैयार किये गये नवीन पोर्टल से किया जाना है। एन.आई.सी. रायपुर द्वारा पोर्टल **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** तैयार किया गया है, उक्त पोर्टल पर संस्थाओं के द्वारा संस्था लॉगइन कर संचालित पाठ्यक्रमों को जोड़ा जाना है। इस हेतु जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों का पोर्टल में पंजीयन संस्थाओं का लॉगिन हेतु आई.डी. एवं पासवर्ड संलग्न प्रपत्र के साथ प्रेषित की जा रही है।

**संस्थाओं को निम्नानुसार सावधानियां बरतनी हैः–**

1. संस्थाओं को प्रदाय की जा रही पासवर्ड प्रथम लॉगिन के बाद परिवर्तन कर लेना है। परिवर्तन की गई पासवर्ड को बहुत की सावधानी से रखना है। यदि पासवर्ड गुम/भुल हो जाता है तो वर्तमान में पासवर्ड रिसेट नहीं होगा। ऐसी स्थिति को ध्यान रखते हुये आई.डी. एवं पासवर्ड की सील बन्द लिफाफा इस कार्यालय में सुरक्षित रख सकते है। यदि किसी कारणवश आई.डी. एवं पासवर्ड गुम जाती है तो जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
2. पांच बार से अधिक गलत पासवर्ड अंकित करने से संस्था लॉगिन लॉक हो जावेगा।
3. समस्त पाठ्यक्रमों की जानकारी अंग्रेजी में भरना है तथा स्पेलिंग सहीं टाईप करना है।
4. संस्था का पंजीयन नम्बर एवं दिनांक में संस्था के सम्बद्धता के डिसपेच नम्बर एवं तिथि डाले।

अतः उपरोक्त निर्देशों के तहत कार्यवाही दिनांक 01.11.2021 तक करना सुनिश्चित करें। कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(डॉ. ललित शुक्ला)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरिया

पृ0क्र0/1587/ऑ.ला.पो.मै.छा./ 2021–22 बैकुण्ठपुर, दिनांक– 30/10/2021

प्रतिलिपिः–

01. आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन नया रायपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरिया

- All Letter "Sanjay Word 2017"/page- 485

Scanned with CamScanner